प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.09.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- एक देश–एक चुनाव के प्रस्ताव को केन्द्रीय कैबिनट की मिली मंजूरी, शीतकालीन सत्र में इस बिल को लाएगी केन्द्र सरकार।
- जनजातीय कल्याण के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान समेत केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में किसान कल्याण के लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय झारखंड दौरे पर कल रांची आएंगी, नामकुम में राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान के शताब्दी समारोह में होंगी शामिल, ।
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 20 सितंबर को प्रस्तावित झारखंड दौरे को लेकर तैयारियां तेज, गिरिडीह से भाजपा धनबाद प्रमंडल की परिवर्तन रैली की करेंगे शुरुआत ।
- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केन्द्र सरकार के पहले 100 दिनों की गिनायी उपलब्धिया, कहा –महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए अनेक पहल।

***************

केन्द्र सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। नई दिल्ली में आज संवाददाताओं से बातचीत में केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा।

***************

केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में किसानों के कल्याण समेत कई बड़े निर्णय लिए गए है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केन्द्र सरकार ने रबी सीजन 2024–25 के लिए फास्फेट और पोटाश उर्वरकों पर पोषण आधारित सब्सिडी को भी स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार–चढाव पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना को जारी रखने को भी मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को भी स्वीकृति दी है। इस योजना से जनजातीय समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय झारखंड दौरे पर कल रांची आएंगी। श्रीमती मुर्मू 20 सितंबर को नामकुम स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शताब्दी समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, निसा के निदेशक अभिजीत कर ने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष गंगवार के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ चर्चा में हिस्सा लेंगी।

***************

भाजपा के वरिष्ट नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 20 सितंबर के प्रस्तावित गिरिडीह जिले के दौरा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जमुआ थाना क्षेत्र के झारखंडी धाम में होने वाली सभा का आज स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश भी मौजूद रहे। श्री मरांडी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाने का निर्देश दिया।

***************

भारतीय जनता पार्टी के धनबाद प्रमंडल की परिवर्तन रैली का आगाज 20 सितंबर को होगा। 20 से 26 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस परिवर्तन रैली में धनबाद, गिरिडीह के अलावा बोकारो जिले को भी शामिल किया जा रहा है। 20 सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इसकी शुरुआत गिरिडीह के झारखंड धाम में करेंगे।

***************

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा चित्रेश्वर धाम से 23 सितंबर को भाजपा की परिवर्तन यात्रा निकलेगी। जो दस दिनों में ग्यारह सौ किलोमीटर चलने के बाद चाईबासा में 2 अक्टूबर को संपन्न होगी।

***************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए केन्द्र सरकार ने अनेक पहल किए हैं। रांची में आज सवांददाताओं से बातचीत में उन्होंने केन्द्र सरकार के पहले 100 दिनों की उपलब्धियां गिनायी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने की_दिशा में 29 अगस्त, 2024 को शी–बॉक्स की शुरुआत एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

***************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन के कामकाज अभूतपूर्व रहे हैं। इस अवधि में केन्द्र सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। रांची में संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने कृषि विकास, किसान कल्याण और जनजातीय गांवों के कायाकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण पहल किये हैं।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज जामताड़ा जिले के धेनूकडीह मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 710 करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास, उद्‌घाटन और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।

***************

गिरिडीह में स्वच्छता ही सेवा अभियान का उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा ने शुभारंभ किया। जिला प्रशासन ने लोगों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है । विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***************

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम के साथ शुरू हुई स्वच्छता ही सेवा 2024 के आलोक में एक पेड़ मां के नाम के तहत आकाशवाणी रांची के उच्च शक्ति प्रेषित केंद्र काठीटांड़ में आज फलदार, फूलदार और सजावटी पौधे लगाए गए। मौके पर केंद्र अध्यक्ष दुर्गा चरण हेम्ब्रम और उप निदेशक ए पी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

***************

सरायकेला खरसावां जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसी कड़ी में आज समाहरणालय परिसर में उपविकास आयुक्त प्रभात कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने सफाई अभियान प्रारंभ कर भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत की।

***************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नेशनल पेंशन सिस्टम, एनपीएस वत्सल योजना की शुरुआत की। यह पूरे देश में 75 शहरों में एक साथ शुरुआत की गई है। जिसमें जमशेदपुर भी शामिल है। इस योजना के तहत 18 वर्ष से कम आयु वाले छात्र–छात्राएं अपने अभिभावक के साथ संयुक्त रूप से खाता खोल सकते हैं ।

*******समाप्त*******